पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

————

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्यपाल ने बधाई दी

साझी जीवन शैली ही हमारी भारतीयता की पहचान ——— श्री नाईक

——————

लखनऊः 14 अगस्त, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने स्वाधीनता दिवस के अवसर पर समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने देश के महापुरूषों, स्वतंत्रता सेनानियों और वीरांगनाओं को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस हम सबके लिये अत्यधिक गर्व और हर्ष का दिन है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर समस्त शहीदों को श्रद्धापूर्वक स्मरण करना हमारा पुनीत कर्तव्य है।

राज्यपाल ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि यह पर्व सम्पूर्ण भारत में हर सम्प्रदाय और हर वर्ग के लोग एकजुट होकर एवं पूर्ण उल्लास के साथ मनाते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी लोकप्रिय साझी जीवन शैली ही हमारी भारतीयता की पहचान है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने स्वाधीनता संग्राम में जहां महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तो वहीं राष्ट्र को सुदृढ़ नेतृत्व भी प्रदान किया।

श्री नाईक ने कहा कि आजादी के बाद हमारे देश ने शिक्षा, चिकित्सा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, उद्योग, सूचना क्रांति तथा परमाणु शक्ति के क्षेत्र में बहुत प्रगति की है, परन्तु अभी हमें बहुत आगे बढ़ना है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि भावी राष्ट्र के विकास का दायित्व उनके कन्धों पर है और स्वराज्य को सुराज बनाने में वे अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दें। इसके साथ ही उन्होंने युवाओं से यह भी कहा कि वे अपनी भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीयता का प्रकटीकरण करते हुए विश्व को सन्देश दें कि हमारा देश सर्वधर्म समभाव के आदर्श पर चलकर ही प्रगति करता है।

——————

अंजुम / रा0 / राजभवन—